प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 19.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्यमंत्रीमंडल की बैठक प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कार्यालय में आज शाम होने वाली इस बैठक में कई विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। इसमें प्रदेश में होने वाले स्थानीय निकायों के चुनाव में दो से अधिक बच्चों वाले उम्मीदवारों को भी चुनाव लडने की मंजूरी दी जा सकती है। इसके साथ ही प्रदेश में निवेश और रोजगार को बढावा देने के लिए ग्लोबल कैपेबलिटी सेंटर स्थापित किये जाने पर भी विचार विमर्श हो सकता है। मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी मंथन किया जायेगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होने की भी संभावना है।

...................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयंबटूर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। श्री मोदी देशभर के 9 करोड़ किसानों को 18 हज़ार करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित करेंगे। इधर प्रदेश में पीएम किसान सम्मान निधि योजना का राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें मौजूद है। पीएम सम्मान निधि को लेकर किसानों में उत्साह है। पीएम सम्मान निधि की 21वीं किस्त से प्रदेश के 66 लाख 62 हजार किसान लाभान्वित होंगे।

..................

राज्य में मतदाता सूची एसआईआर प्रक्रिया 2026 के लिए प्रभावी रूप से काम किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 4 नवम्बर से शुरू हुई यह प्रक्रिया राज्य में तेज गति से जारी है। 15 दिनों में बीएलओ द्वारा 1 करोड़ 99 लाख गणना फॉर्म इसीआई नेट पर अपलोड किये है। उन्होंने बताया कि 51 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के साथ बाडमेर जिला पहले स्थान पर है। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और बालोतरा भी ऑनलाईन फार्म जमा कराने में अग्रणी जिले हैं। श्री महाजन ने बताया कि कई जिलों में दक्षता से काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किये जाने की पहल भी की गई है। इसके तहत सुपरवाइजर और वॉलियेन्टर्स को भी शामिल किया जा रहा है।

..................

कोटपूतली–बहरोड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर आज राजस्थान रोडवेज की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सात यात्री गम्भीर रूप से घायल हुए। वहीं करीब 20 सवारियां भी ज़ख्मी हुई है। बहरोड़ के कांकर दोपा गांव के पास बस एक डम्पर को ओवरटेक करते समय हादसे का शिकार हो गई। घायलों को बहरोड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

..................

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उनका स्मरण किया। इधर इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद किया जा रहा है। भरतपुर में इस उपलक्ष्य में संगोष्ठी रखी गई।

..................

प्रदेश में पहली बार एक साथ सातों संभाग मुख्यालयों में आज घूमर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव विरासत, पारम्परिक कलाओं और जनभागीदारी पर आधारित है। राजस्थान के सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक घूमर नृत्य को वैश्विक पहचान देने और प्रदेश के सांस्कृतिक मॉडल से नई पीढी को जोडने के लिए ये उत्सव हो रहा है। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में होगा। जोधपुर में राजकीय उम्मेद स्टेडियम वहीं कोटा में चम्बल रिवर फ्रंट पर इसका आयोजन होगा। समारोह में रंग बिरंगी पारम्परिक वेशभूषा के साथ लोक संगीत और संस्कृति की अदभुत झलक देखने को मिलेगी।

..................

सर्द हवाओं के असर से प्रदेश में कुछ स्थानों पर शीत लहर का दौर बरकरार है। सीकर में आज न्यूनतम तापमान साढे पांच डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं नागौर, सिरोही, बारां, दौसा और

जालौर में भी शीतलहर का असर देखा जा रहा है। इन जिलों में पिछले एक सप्ताह से रात का तापमान 7 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान पिछले एक सप्ताह से 12 डिग्री सैल्सियस से नीचे बना हुआ है जो कि सामान्य से 3–4 डिग्री कम है।

..................

प्रदेश में दलहन और तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद होगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की चार फसलों मूंग, उडद, मूंगफली और सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड स्तर पर खरीद को मंजूरी दी है।

..................